संदेश

लोहड़ी, मकर संक्रान्ति, माघ बिहु और पोंगल पर्वों के शुभ अवसर पर मैं, देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

ये पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत के जीवंत रूप होने के साथ-साथ विविधता में एकता के प्रतीक भी हैं। इन त्योहारों पर हम पवित्र नदियों में स्नान करके दान-पुण्य जैसे अनुष्ठानों के माध्यम से खुशियां मनाते हैं। भारत में अलग-अलग रूपों में मनाए जाने वाले ये त्योहार सामाजिक सौहार्द, एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

कृषि से जुड़े ये पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देते हैं। यह हमारे अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम को सम्मान देने का भी अवसर है।

मेरी कामना है कि इन त्योहारों के माध्यम से हमारे समाज में प्रेम और सद्भाव बढ़े तथा देश की समृद्धि और शांति का अधिक विस्तार हो।

****